# महिलाओं-बच्चों पर सीएसआर फंड खर्च करें कंपनियां: राज्यपाल

तेजयुग न्यूज

**वाराणसी।** दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचीं प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज का बच्चा कल का भविष्य है। कपंनियों को अपने सीएसआर फंड का इस्तेमाल महिलाओं और बच्चियों के लिए खर्च करना चाहिए। वह कमिश्नरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों को किट दे रही थीं। गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से 500 किट बांटे गए। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए होने वाले एमओयू को भविष्य के लिए सुखद बताया। उन्होंने कहा कि पहले यह विभाग सरकारों की



प्राथमिकता में नहीं रहता था। अधिकारियों पर कार्य थोपे जाते थे। उन्होंने गुजरात सरकार में किए अपने प्रयासों की चर्चा की और कहा कि किस प्रकार आईसीडीएस यूनिट, महिला बाल विकास विभाग अस्तित्व में आया। प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं धीरे-धीरे राष्ट्रीय पटल पर भी अस्तित्व में आईं। पिछले कुछ वर्षों में 12 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में इस प्रकार के साधन उपलब्ध कराए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सभी प्रसव अस्पतालों में हों, ताकि जच्चा-बच्चा की समुचित देखभाल हो सके। उन्होंने महिलाओं में कैंसर के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए शुरूआती जांच के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि मामले में एक एमओयू शुक्रवार को ही लखनऊ में हुआ है। भेल (भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड) के सहयोग से गांवों में जांच की व्यवस्था बनाई जा रही है। उत्तर प्रदेश में ही करीब 15 लाख महिलाओं को कैंसर है।

### राज्यपाल के प्रयास सराहनीय

**प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि दूसरे प्रदेशों के लोग भी राज्यपाल के प्रयासों को अपनाने में लगे हैं। राज्यपाल के प्रयासों से गरीब बस्तियों में भी लाभ मिल रहा है। आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने राज्यपाल के वाराणसी के लिए विशेष ध्यान देने पर उनका आभार जताया।**

# छात्रवृत्ति घोटाला: कॉलेज संचालक दुबई भागते वक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** छात्रवृत्ति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने फरुर्खाबाद के डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के संचालक शिवम गुप्ता को दुबई भागने की कोशिश के दौरान लखनऊ एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। उस पर लखनऊ के हाइजिया ग्रुप के संचालकों की मदद से 2014 से 2022 के बीच फर्जी छात्रों का एडमिशन दिखाकर 7.70 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति हड़पने का आरोप है।शिवम को ईडी ने कई बार समन भेजा था, लेकिन वह पेश नहीं हो रहा था। जांच में सहयोग नहीं करने पर ईडी ने उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था। दुबई फरार होने की कोशिश के दौरान उसके बारे में एयरपोर्ट इमिग्रेशन ने इसकी सूचना ईडी को दी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। उसे ईडी की विशेष अदालत के न्यायाधीश रविंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत में शुक्रवार को पेश किया गया।अदालत ने उसे सात दिन की कस्टडी रिमांड पर ईडी के सुपुर्द करने का आदेश दिया। ईडी की जांच में सामने आया है कि शिवम गुप्ता ने हड़पी छात्रवृत्ति को निजी संपत्तियों और कॉलेज के निर्माण में व्यय किया।

# कच्ची शराब पकड़ने गए दो सिपाहियों पर हमला

तेजयुग न्यूज

**मुरादाबाद।** कांठ क्षेत्र के उमरी कलां डेरा में शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे कच्ची शराब बिकने की सूचना पर गए सिपाही विजय कुमार और सर्वेश कुमार पर शराब तस्कर के परिवार ने लोहे के पाइप और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में दोनों सिपाही घायल हो गए। हमले में घायल सिपाही सर्वेश कुमार की हालत गंभीर बताई गई है।कांठ थाने की उमरी कलां डेहरा चौकी पर तैनात सिपाही विजय कुमार ने बताया की शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने साथी सिपाही सर्वेश कुमार के साथ बाइक से गांव में कच्ची शराब बिकने की सूचना पर गांव में गए थे। सिपाहियों की बाइक जसवंत उर्फ खन्ना के मकान के सामने पहुंची।इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे जसवंत उर्फ खन्ना, उसके भाई देशराज, जीवन, अंकित, उसकी पत्नी ऊषा, निपेंद्र और रतिया पत्नी रामकिशोर ने सिपाहियों को घेर लिया। लोहे के पाइपों और धारदार हथियारों से दोनों पर हमला कर दिया।इसी दौरान हमलावर सिपाहियों से कह रहे थे पुलिस ने पहले भी उनके परिवार के वीर सिंह को कच्ची शराब के साथ पकड़ा लिया था। इसके बाद आरोपी दोनों सिपाहियों को घर के अंदर खींचकर ले गए और जमकर पीटा। जिसमें दोनों सिपाही घायल हो गए।सिपाहियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोगों एकत्र हो गए। इसके बाद दोनों सिपाहियों ने बमुश्किल इन लोगों से छूटकर बाइक से भागकर जान बचाई। सूचना पर कांठ और छजलैट थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई।

सिपाही विजय ने दो महिलाओं समेत सात लोगों के खिलाफ जान लेवा हमला समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त

### यूपी में भाजपा की लहर चल रही है सभी सीटें जीतेंगे: उमा भारती



**लखनऊ।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि यूपी में भाजपा की लहर चल रही है। भाजपा यूपी में सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करेगी।उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस का गठबंधन पहले भी हो चुका है लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। इस बार भी भाजपा की बड़ी जीत होगी। जनता इंडिया गठबंधन के खिलाफ है।उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी व तंज कसते हुए कहा कि मोहब्बत दुकान में नहीं दिलों में होती है। उमा भारती ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

### भाजपा नेता के कार्यालय में कांग्रेसी नेता ने तानी रिवाल्वर

**लखनऊ।** मामूली विवाद में कांग्रेसी नेता अंबुज शुक्ला ने भाजपा नेता भूपेश अग्रवाल की कंपनी के कार्यालय में घुसकर कर्मचारियों पर रिवाल्वर तान दी। आरोप है कि उन्होंने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने कांग्रेसी नेता को रिवाल्वर सहित हिरासत में लेकर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर पूरा घटनाक्रम कार्यालय में लगे सीसी कैमरे में कैद हुआ है। कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि कांग्रेसी नेता अंबुज शक्ला की मेडिकल हिस्ट्री को देखते हुए उन्हें फिलहाल छोड़ दिया है।एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे ने बताया कि मनीष दिवाकर की तहरीर पर अंबुज शुक्ला और चार से पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी सहित एससीएसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रिवाल्वर का लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

### जौ से भरा ट्रक कार पर पलटा, बैंक मैनेजर की मौत

**बरेली।** बरेली के भोजीपुरा इलाके में नैनीताल हाईवे से जुड़े बड़ा बाइपास पर शुक्रवार रात रामपुर से ड्यूटी करके लौट रहे बैंक के शाखा प्रबंधक की कार पर ट्रक पलट गया। इससे शाखा प्रबंधक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। चार थानों की पुलिस ने जाम खुलवाकर वाहनों को निकलवाया।रात साढ़े आठ बिलवा स्थित बड़ा बाइपास पर जौ से भरा ट्रक लखनऊ की ओर जा रहा था। रामपुर जिले की पंजाब एंड सिंध बैंक की बेहटा शाखा के प्रबंधक के पद पर तैनात इज्जतनगर की डिफेंस कॉलोनी निवासी हेमंत कुमार राणा ड्यूटी खत्म करके अपनी कार से बरेली की ओर आ रहे थे।

# श्रीराधारमण मंदिर में सोने की पिचकारी से होगी रंगों की बौछार

तेजयुग न्यूज

**मथुरा।** श्रीराधारमण मंदिर में होलिका अष्टमी से पूर्णिमा तक आठ दिन टेसू के फूलों से बने रंग से होली खेली जाएगी। मंदिर के सेवायत ठाकुरजी को सोने की पिचकारी से होली खिलाएंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं पर रंग बरसाया जाएगा। इन आठ दिनों में शाम के समय ठाकुरजी की विशेष उत्सव आरती की जाएगी।श्रीराधारमण मंदिर में सैकड़ों वर्ष पुरानी होली उत्सव की परंपरा का निर्वाह आगामी 18 मार्च से किया जाएगा, जिसकी तैयारियां मंदिर प्रबंधन द्वारा शुरू कर दी गईं हैं। मंदिर में होने वाली 40 दिवसीय होली में होलिका अष्टक 18 मार्च से पूर्णिमा 25 मार्च तक टेसू के फूलों से बने रंग से होली खेली जाएगी। मंदिर के सेवायत आचार्य पद्मनाभ गोस्वामी ने बताया कि आठ दिन की रंग की होली में पहले सेवायत गोस्वामी सोने की पिचकारी से टेसू के फूलों का रंग, गुलाब, हिना, केसर का इत्र की पिचकारी ठाकुर राधारमण महाराज के वस्त्रों



पर चलाएंगे। ठाकुरजी के होली खेलने के बाद सेवायत गोस्वामी शाम करीब छह बजे उत्सव आरती करेंगे। इसके बाद प्रसादी टेसू के फूलों का रंग, गुलाबजल और इत्र से भारी चांदी की पिचकारी से श्रद्धालुओं पर बरसाएंगे।

सेवायत पद्मनाभ गास्वामी ने बताया कि आठ दिन पहले टेसू के फूलों के रंग, इत्र के साथ-साथ गुलाल और फूलों से ठाकुर राधारमण जी होली खेलते हैं, उसके बाद सेवायत गोस्वामी प्रसादी रंग, गुलाल और इत्र श्रद्धालुओं पर बरसाते हैं।

# रामलला के दरबार में फफक कर रो पड़े विधायक

## बोले सपा नेतृत्व ने अयोध्या आने से रोका था

तेजयुग न्यूज

**अयोध्या।** गोसाईगंज से समाजवादी पार्टी के बाहुबली विधायक अभय सिंह ने शनिवार को रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन के दौरान विधायक अभय सिंह भावुक हो गए और फफक कर रो पड़े।

समाजवादी पार्टी नेतृत्व की ओर से रामलला के दर्शन से रोके जाने पर समाजवादी पार्टी के कुछ विधायकों में रोष था। बीते दिनों अभय ने इस पर खुलकर विरोध दर्ज कराया था। राज्यसभा चुनाव के दौरान अभय पर भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में क्रॉस वोटिंग करने का भी आरोप है।विधायक अभय सिंह ने कहा था कि जब यूपी के सभी विधायक रामलला के दर्शन करने आ रहे थे तो सपा के विधायकों को आने से रोका गया था।हालांकि, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इससे इंकार किया और कहा कि किसी को भी अयोध्या जाने से नहीं रोका गया था।



### गुजरात के मुख्यमंत्री ने किए रामलला के दर्शन

#### बोले यह हमारे लिए बहुत भावुक पल



**अयोध्या।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि आज मुझे गुजरात के मेरे मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिला है, यह हम सबके लिए बहुत ही भावुक क्षण है... अयोध्या में हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह देश में नए कालचक्र के उद्भव का उद्घोष है, आगामी 1000 वर्षों के लिए राम राज्य की स्थापना का यह संकल्प है।वह रामलला के दर्शन के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। गुजरात के मुख्यमंत्री शनिवार को अपने 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया।

# तंबाकू कारोबारी के घर छापेमारी

तेजयुग न्यूज

**कानपुर।** कानपुर में तंबाकू कारोबारी के बेटे की लग्जरी लाइफ स्टाइल ने फर्म को आयकर के रडार पर ला दिया। बेहद कम समय में विदेशी लग्जरी कारें, दिल्ली, कानपुर में आलीशान बंगले, कोठी और गुजरात के ऊंझा में बहुत बड़ी फैक्टरी की जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई की गई। इसमें कुछ पान मसाला कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर हुई आयकर जांच में तंबाकू सप्लाई का इनपुट भी मिला है।

सालों पहले ये शहर से अपना कारोबार बाहर ले गए थे। फर्म संचालक केके मिश्रा पहले कारोबार देखते थे। अब उनके साथ उनका बेटा शिवम भी कारोबार देख रहा है। शिवम को लग्जरी वाहनों का शौक है। सूत्रों ने बताया कि जब कानपुर में थे तब लाखों की कीमत वाली विदेशी बाइक खरीदी थी। छापा में आयकर

### लग्जरी कारें और कैश हुआ बरामद





अफसरों को बड़ी संख्या में लग्जरी कारें मिली हैं। बताया गया कि फर्म बीते सालों में कम आयकर जमा कर रही थी, जबकि टर्नओवर और आय ज्यादा थी। शुरूआती जांच में सौ करोड़ से ज्यादा का टर्नओवर का पता चल रहा है, जो बढ़ भी सकता है। दरअसल, ऊंझा में बहुत बड़ी फैक्टरी है। यहां पर तंबाकू, पत्ती आदि का स्टॉक भी बहुत मिला है। बताया गया कि कानपुर समेत देश भर के सभी प्रमुख पानमसाला कारोबारियों को तंबाकू और पत्ती की सप्लाई की जाती है।

कुछ समय से फर्म के कारोबार पर निगाह रखी जा रही थी। फर्म के पुराने रिटर्नों का डाटा फिल्टरेशन किया गया। सप्लाई चेन चेक करने के बाद बड़े पैमाने पर कर चोरी की आशंका पर कार्रवाई की गई। सूत्रों ने बताया कि बोगस इंट्री के जरिए काली खपाई को एक नंबर का बनाया जा रहा था। किसी दूसरे नाम के व्यक्ति को माल सप्लाई करके चेक के जरिए भुगतान करना दिखाया जाता था, जो हकीकत में नहीं था।

#### यह हुआ बरामद

शहर से दिल्ली और गुजरात कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर दूसरे दिन भी आयकर की जांच चल रही है। इस दौरान आयकर टीमों को 4.5 करोड़ की नकदी और 2.5 करोड़ के जेवर मिले हैं। इसी के साथ रोल्स रॉयस फैंटम, फेरारी, लेम्बोर्गिनी, मिर्सिडीज, मैकलॉरेन, पोर्शे कारें मिली हैं। इनकी कीमत 70 करोड़ से ज्यादा है।

# डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे प्रत्याशी चुनावी खर्च चेक के माध्यम से ही होगा

तेजयुग न्यूज

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रदेश में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद कहा कि हमने प्रलोभन मुक्त, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए बैठक की। यूपी देश का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण प्रदेश है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को बराबर का अवसर मिलेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2024 में सभी को समान अवसर मिलेंगे। अफसरों और पुलिस को निष्पक्ष तरीके से काम करने का निर्देश दिया गया है। चुनाव में धन और बाहुबल का प्रयोग नहीं होगा। सभी चुनाव खर्च चेक के माध्यम से होगा। प्रत्याशी को खर्च करने के लिए डिजिटल ट्रांजेक्शन की सुविधा के अलावा 200 चुक की एक बुक दी जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ईवीएम को लेकर राजनीतिक दलों में आशंका थी। सभी दलों ने ईवीएम का मूवमेंट सरकारी गाड़ी से ही कराने की मांग की है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार यूपी में 15.29 करोड़ मतदाता हैं। प्रदेश के कुछ बूथ महिलाओं और दिव्यांगों के लिए बनाए जाएंगे। 85 वर्ष के लोगों को वोट डालने के लिए घर से लाने की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत से अधिक विकलांग अपने घर से वोट कर सकेंगे। कम मत प्रतिशत वाली जगहों पर जिला निर्वाचन अधिकारी खुद जाएंगे। मल्टीस्टोरी इमारतों में अलग से बूथ बनाए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार के चुनाव में तकनीक का सर्वाधिक इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बार तीन एप लाए जा रहे हैं। एक एप के माध्यम से मतदाता चुनाव में होने वाले प्रलोभन, शराब और पैसों के वितरण के बारे में सीधे चुनाव आयोग से शिकायत कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन दूसरा एप्लिकेशन है जिससे वोटर अपनी जानकारी ले सकता है। नो योर कंडीडेट एप्लिकेशन के माध्यम से वोटर अपने कंडीडेट की सारी जानकारी ले सकेगा।

# चिकित्सा शिविर में 141 मरीज का हुआ नेत्र परीक्षण



**अछनेरा।** अछनेरा-भरतपुर रोड स्थित अग्रोहा सेवा सदन में हर महा की भांति इस महा भी एक मार्च को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कल्याण करोति मथुरा द्वारा संचालित श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकाता के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क चिकित्सा शिविर में 211 मरीजों का पंजीकरण किया गया। चिकित्सा सिविल में वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा नेत्रों का सफल परीक्षण कराया, परीक्षण के दौरान मिले 71 मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन हेतु श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सालय मथुरा भेज दिया गया। डॉ. अनुभव उपाध्याय ने बताया कि नेत्र से संबंधित मरिज अपने नेत्रों का निशुल्क नेत्र परीक्षण करने के लिए शिविर में आकर भरपूर लाभ उठाते हैं । इस दौरान डॉ. अनुभव उपाध्याय, सुमित सिंह, मनजीत कुमार, डॉ. राहुल लबानिया, राहुल लवानिया, श्यामसुंदर जादौन, ज्योति, सांची मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बचत पत्र का 6 महीने बाद भी भुगतान नहीं

## परेशान उपभोक्ताओं ने एसएसपी से लगाई गुहार

**बाह।** 10 साल पहले बाह डाकघर से राष्ट्रीय बचत पत्र लेने वाले उपभोक्ता 6 महीने से भुगतान के लिए चक्कर काट रहे हैं। बाह के सर्वेश कुमार, संजय गुप्ता, बिजौली के राकेश सक्सैना, सुरेश चन्द्र, धर्मपाल सिंह, बाघराज पुरा की भूरी देवी ने प्रवर डाक अधीक्षक आगरा को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी डाकघर पर कोई ढंग से जबाव तक नहीं दे रहा, 6 महीने बीतने के बाद भी भुगतान न होने से उपभोक्ताओं के हक की तलफी हो रही है। उन्होंने जांच कार्यवाही के साथ भुगतान कराए जाने की गुहार लगाई है।

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

तेजयुग न्यूज

**अमरोहा।** नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के खेड़ा गांव निवासी हारिस और उसके दोस्त मोहम्मद नदीम को टैंकर चालक ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। भागने के चक्कर में टैंकर चालक बाइक और हारिस को साढ़े तीन किलोमीटर दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दर्दनाक हादसे ने दिल्ली के कंझावला कांड की याद दिला दी, जिसमें एक लड़की को कार सवार ने टक्कर मारने के बाद करीब 10 किलोमीटर घसीटा था। अमरोहा में हुए दर्दनाक हादसे में हारिस की गर्दन कट कर दूर जा गिरी, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में टैंकर भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने केबिन का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में क्षतिग्रस्त दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त टैंकर और बाइक को कब्जे में ले लिया। वही, टैंकर नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।





ये हादसा शुक्रवार की रात नौगांवा सादात अमरोहा रोड स्थित पीला कुंड गांव के सामने हुआ। मृतक हरीश सऊदी अरब में नौकरी करते थे। कुछ दिन पहले ही अपने घर लौटे थे। जबकि मोहम्मद नदीम नौगांवा सादात के मोहल्ला नई बस्ती स्थित फिर्दोष मस्जिद में इमामत करते थे। दोनों दोस्त थे। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे दोनों बाइक पर सवार होकर नौगांवा सादात से घर जा रहे थे। बाइक हारिस चला रहा था। उन्होंने हेलमेट भी लगा रखा था। जैसे ही उनकी बाइक पीलाकुंड गांव के सामने पहुंची तभी सामने से आ रहे टैंकर के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी।इस दौरान मोहम्मद नदीम की मौके पर मौत हो गई। जबकि हारिस और उसकी बाइक टैंकर के अगले हिस्से में फंस गई। भागने के चक्कर में टैंकर चालक दोनों को घसीटता हुआ साढ़े तीन किलोमीटर दूर बादशाहपुर इंटर कॉलेज तक ले गया। यहां पहुंचने के बाद अचानक टैंकर और नियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नौगांवा सादात थानाध्यक्ष पंकज तोमर, एसएसआई परविंदर मलिक फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। टैंकर के केबिन का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाल और अस्पताल में भर्ती कराया।हादसे के समय मृतक हारिस की गर्दन धड़ से अलग हो गई। छानबीन करने के बाद पुलिस ने हारिस और मोहम्मद नदीम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने कैंटर के आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी चालक ने अपना नाम पृथ्वी सिंह निवासी रेहटी जागीर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर बताया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि मामले में मृतक हारिस के चाचा तस्लीम अहमद की तहरीर पर टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पहले ली पत्नी की जान फिर खुद को किया मौत के हवाले

**भदोही।** जिले के कोईरौना थाना क्षेत्र के दस्युपुर डीघ गांव में शनिवार की सुबह पति-पत्नी की हत्या की जानकारी मिलते ही सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों गोवा रह रहे थे और कुछ दिन पहले ही अपने रिश्तेदार (साढ़ू) के घर दस्युपुर पहुंचे थे। शनिवार की सुबह भी विवाद के बाद पति ने पहले पत्नी की हत्या की। उसके बाद खुद के गले पर धारदार हथियार से वार कर आत्महत्या कर ली।जानकारी के अनुसार प्रयागराज जिले के डिघिया मांडा निवासी राजेश निषाद की शादी परवा मदरापुर निवासी सन्नो देवी के साथ दो साल पहले हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी आजीविका की तलाश में गोवा चले गए और वहीं रहने लगे। बताया जा रहा है कि वहीं दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिससे नाराज होकर सन्नो चार दिन पहले अपने मायके पहुंची। उसके बाद अपनी बहन के घर दस्युपुर डीघ पहुंची। उसकी तलाश में राजेश भी अगले दिन अपने साढ़ू के घर पहुंच गया। दस्युपुर में सन्नो की बहन सुधा अपने बच्चों के साथ रहती है। उसके पति और ससुर बाहर रहते हैं। बताया गया कि शुक्रवार की रात एक बार फिर दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिस पर सुधा ने ऐतराज जताया और बोला कि इस तरह से लड़ाई-झगड़ा करना हो तो अपने घर चले जांए। उस समय मामला शांत हो गया।